भारत सरकार
जल शक्ति मंत्रालय
पेयजल एवं स्वच्छता विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 584
दिनांक 25.07.2024 को उत्तर दिए जाने के लिए

सीकर में जेजेएम

584. श्री अमरा रामः

क्या **जल शक्ति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) सीकर संसदीय क्षेत्र में जल जीवन मिशन के अंतर्गत कौन-कौन सी सतही जल योजनाएं स्वीकृत की गई हैं; और
(ख) उक्त योजनाओं को कब तक पूरा किए जाने की संभावना है?

उत्तर

राज्य मंत्री, जल शक्ति
(श्री वी. सोमण्णा)

(क) और (ख): राजस्थान राज्य सरकार द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, सीकर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में जल जीवन मिशन के अंतर्गत निम्नलिखित दो सतही जल आधारित योजनाएं अनुमोदित की गई हैं:

i.) इंदिरा गांधी नहर परियोजना से सीकर और झुंझुनू जिलों के शेष गांवों/कस्बों को कवर करने के लिए जलापूर्ति परियोजना।
ii.) फतेहपुर-लक्ष्मणगढ़ जलापूर्ति परियोजना की रेट्रोफिटिंग।

सीकर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में इन दोनों योजनाओं के अंतर्गत कवर किए गए ब्लॉकों और योजनाबद्ध एफएचटीसी का ब्यौरा अनुबंध में दिया गया है।

राज्य सरकार द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, इंदिरा गांधी नहर परियोजना से सीकर और झुंझुनू जिलों के शेष गांवों/कस्बों को शामिल करने के लिए जलापूर्ति परियोजना वर्ष 2026 तक पूरा होने की संभावना है और फतेहपुर-लक्ष्मणगढ़ जल आपूर्ति परियोजना की रेट्रोफिटिंग वर्ष 2025 तक पूरी होने की संभावना है।

*****

अनुबंध

दिनांक 25/07/2024 को उत्तर दिए जाने के लिए नियत लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 584 के उत्तर में संदर्भित अनुबंध

1. इंदिरा गांधी नहर परियोजना (आईजीएनपी आरडी 103) से सीकर और झुंझुनू जिले के शेष गांवों/कस्बों को कवर करने के लिए जलापूर्ति परियोजना

क्र.सं.	संसदीय निर्वाचन क्षेत्र	ब्लॉक	गांव	योजनाबद्ध एफएचटीसी
1	सीकर	अजीतगढ़	68	14,291
2		श्री माधोपुर	48	11,224
3		नीम का थाना	80	9,471
4		पाटन	76	4,305
5		दंता रामगढ़	124	12,781
6		पलसाना	97	10,728
7		धोद	146	18,444
8		खंडेला	151	18,963
9		पिपराली	74	7,438
कुल			864	1,07,645

2. फतेहपुर-लक्ष्मणगढ़ जल आपूर्ति परियोजना की रेट्रोफिटिंग

क्र.सं.	संसदीय निर्वाचन क्षेत्र	ब्लॉक	गांव	योजनाबद्ध एफएचटीसी
1	सीकर	लक्ष्मणगढ़	109	31,600
2		नेछवा	63	22,748
कुल			172	54,348